www.avadhkaawaz.com

# अवध की आवाज

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र राजधानी लखनऊ उत्तर प्रदेश से प्रकाशित

वर्ष—10 अंक—136 R.N.I.- UPHIN/2012/45127 लखनऊ मंगलवार 17 अगस्त 2021 पृष्ठ — 8 मूल्य—3 रूपया

## अभिभावकों की भावनाओं और विद्यार्थियों की सुरक्षा का रखें पूरा ध्यान : सीएम योगी

लखनऊ (वेब वार्ता)। कोविड महामारी के बेहतर होते हालात के बीच यूपी के स्कूल—कॉलेज फिर से गुलजार होने जा रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर कक्षा 06वीं से 08वीं तक के स्कूलों में 23 सितंबर से पठन—पाठन शुरू होगा, जबकि कक्षा 01 से 05वीं तक के विद्यालय 01 सितम्बर से खुलेंगे। सोमवार को उच्चस्तरीय बैठक में कोविड की स्थिति की समीक्षा करते हुए सीएम योगी ने कहा कि कोरोना की नियंत्रित स्थिति को देखते हुए 16 अगस्त से माध्यमिक, उच्च, प्राविधिक शिक्षण संस्थानों में भौतिक रूप से कक्षाएं शुरू हो गईं हैं। अब रक्षाबंधन के



बाद 06वीं से 08वीं तक के स्कूल भी खोले जाएं। वहीं प्राथमिक विद्यालयों को एक सितंबर से खोलने के निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि अगले प्राथमिक विद्यालयों में पठन—पाठन शुरू करने से पहले वहां कक्षाओं और शौचालयों की साफ—सफाई, सैनीटाइजेशन आदि कर ली जाए। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि बच्चों और अभिभावकों की स्वास्थ्य सुरक्षा को शीर्ष प्राथमिकता है। इसे दृष्टिगत रखते हुए आवश्यक इंतजाम किए जाएं। बता दें कि कोरोना के कारण लंबे समय से बंद स्कूल/कॉलेजों में 16 अगस्त से फिर पढ़ाई शुरू हुई है। माध्यमिक विद्यालय दो पालियों में सुबह 8 से 12 बजे और अपराह्न 12:30 बजे से शाम 4:30 बजे तक खुल रहे हैं। आधे विद्यार्थियों को पहली पाली में, बाकी आधे विद्यार्थियों को दूसरी पाली में बुलाया जा रहा है। 18 वर्ष से अधिक उम्र के विद्यार्थियों के टीकाकरण के लिए विशेष शिविर स्कूल खुलने के साथ ही सभी शिक्षण संस्थानों में 18 वर्ष से अधिक आयु के विद्यार्थियों के टीकाकरण भी किए जाएंगे। मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार टीकाकरण शिविर स्कूल परिसर में ही आयोजित होंगे।

## यातायात उल्लंघन कर फर्राटा भरने वालों की आई शामत, कटे चालान

—कानपुर (वेब वार्ता)। कानपुर में स्वतंत्रता दिवस पर शहर में विभिन्न मार्गों पर लोगों द्वारा बाइक व कार रैली निकाली गई थी। जिसमें लोगों ने ट्रैफिक नियमों की जमकर धज्जियां उड़ाई गई। यातायात नियमों की अनदेखी और अपने साथ दूसरों की जान जोखिम में डालने वालों पर कानपुर कमिश्नरेट ने सख्ती से निपटने का निर्णय लिया गया हैं। ऐसे लोगों पर यातायात उल्लंघन के साथ ही चेतावनी दी जाने की कर अमल में लाई जा रही हैं। कानपुर पुलिस ने ऐसे सभी लोगों के वाहन चालान करने के साथ चिन्हित करने की कार्यवाही शुरू कर दी है।

*15 अगस्त रक्षाबंधन और जन्माष्टमी की सभी ग्रामवासियो एवं क्षेत्रवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं*

**देश को आजाद कराने में कोटि कोटि लोगो ने अपनी जॉन की आहुति दी है। इसको बनाये रखने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को अपने मे देश भक्ति का जज्बा बनाये रखना होगा। सामुदायिक सद्भाव संमरसता बनाये रखना होगा । यही शहीदों के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।**



राम कुमार द्विवेदी एडवोकेट जुडिशियल कोर्ट माधौगढ़

## नई शिक्षा नीति, वैज्ञानिक स्वभाव विकसित करने में सहायक : बीएसए

अवध की अवाज

जौनपुर, (वेब वार्ता)। राष्ट्रीय शिक्षा नीति से छात्रों को नया पाठ्यक्रम मिलेगा। यह नई आवश्यकताओं की पूर्ति के माध्यम बनेगी। इसमें मातश्भाषा स्थानीय कौशल, लोक विवेक को बढ़ावा मिलने से अधिगम सुगम होगा। बच्चो में वैज्ञानिक स्वभाव विकसित करने में मदद मिलेगी। उक्त बातें बीएसए डॉ गोरखनाथ पटेल ने सोमवार को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पर आयोजित बेबीनार में बतौर मुख्य अतिथि कहा। इसके पूर्व डीसी सुरेश कुमार पांडेय ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर जानकारी देते हुए कार्यक्रम की शुरुआत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय शिक्षा प्रमुख अशोक कुमार ने कहा कि जिस देश की शिक्षा समय परिस्थितियों के अनुकूल चलता है वह देश तरक्की करता है। राज्य संदर्भ समूह के डॉक्टर कमलेश यादव, डॉ अखिलेश सिंह, डॉ अजय कुमार मौर्य ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के बारे विस्तश्त जानकारी देते हुए इसे उपयोगी बताया। कार्यक्रम में जनपद के बीईओ, एसआरजी, एआरपी,संकुल शिक्षक, प्रधानाध्यापक, शिक्षक भाग लेकर लाभान्वित हुए। इस दौरान एआरपी डॉ संतोष तिवारी, शिवाकांत तिवारी, अमला प्रसाद, राजभारत मिश्र सहित अन्य सक्रिय सहभागिता रही।

## जागरण झांसी के बैनर तले शहर में निकाली गई कोरोना आजादी

अवध की आवाज

माधौगढ (जालौन) यात्रा माहिल तालाब से डीएम प्रियंका निरजंन ने यात्रा का आगाज किया। इस दौरान जिलाधिकारी जालौन प्रियंका निरजंन ,कार्यक्रम संयोजक मनोज राजा (व्यूरोचीफ), अपर पुलिस अधीक्षक, सिटी मजिस्ट्रेट सुनील कुमार शुक्ला, डीआईओएस भगवत पटेल, ,ई ओ पालिका विमला पति उरई, अध्यक्ष जिलापंचायत घनश्याम अनुरागी, सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा, एआरटीओ सौरभ कुमार ,डॉ मनोज वर्मा, भाई संजय गुप्ता ,अजय इटौरिया, कॉग्रेस जिलाध्यक्ष राजीव नारायण मिश्रा, बसपा जिलाध्यक्ष धीरेंद्र चौधरी, रामशरण जाटव, सपा के प्रांतीय नेता प्रदीप दीक्षित, मिर्जा शाविर बेग, शफीकुर्रहमान कशफी, देवेंद्र यादव,



बलराम लम्बरदार,सेल टेक्स असिस्टेंट कमिश्नर अजय श्रीवास, देवेन्द्र कुलश्रेष्ठ, हरिकिशोर रिप्पू, चौ श्याम सुंदर, प्रेमचंद अग्रवाल पिंटू सेठ, महिला प्रभारी रानी गुप्ता, जयपाल सिंह राजावत बरीकपुरा सभी चौनल और प्रिंट मीडिया के पत्रकार साथी, के अलावा सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि, पत्रकार साथी व समाजसेवियों ने

## सत्य निष्ठा निष्ठा के साथ अच्छे कार्य करने वाले पुलिस कर्मियों को पुलिस डीआईजी ने किया पुरस्कृत

सुरेश कुमार तिवारी

कहोबा चौराहा गोंडा। 75 वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर देवीपाटन परिक्षेत्र के पुलिस महा उपमहानिरीक्षक डॉ राकेश सिंह ने शिविर कार्यालय में ध्वजारोहण कर राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी गार्ड ड्यूटी वह शिविर कार्यालय में कार्यरत पुलिस अधिकारियों कर्मचारियों द्वारा भी राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी गई। इस मौके पर आईजी ने अपने संबोधन में देश को आजादी दिलाने वाले योद्धाओं की। वीर गाथाओं पर प्रकाश डाला गया तथा पुलिसकर्मियों से दिए गए कर्तव्यों का जिम्मेदारियों के साथ पालन करने की बात कही गई ध्वजारोहण कार्यक्रम के उपरांत उन्होंने जनपद गोंडा के पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पुलिस महानिदेशक के प्रशंसा चिन्ह



रजत वह मेडल पहनाकर सम्मानित किया। गया इन पुलिसकर्मियों द्वारा अपने कर्तव्यों का ईमानदारी व मेहनत के साथ पालन करने के लिए यह सम्मान दिया गया। आईजी ने सभी पुलिसकर्मियों को मिष्ठान खिलाकर उन्हें स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी साथ ही भविष्य में भी मेहनत व लगन के साथ अपने कर्तव्यों का पालन करने की सलाह दी गई। आईजी ने प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली नगर आलोक राव प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली देहात संतोष तिवारी प्रभारी निरीक्षक परसपुर सुधीर कुमार सिंह निरीक्षक कृष्ण कुमार राणा मुख्य आरक्षी गोरखनाथ आईजी कार्यालय आरक्षी आदित्य पाल आरक्षी हृदय नारायण दीक्षित आरक्षी अमितेश एसओजी सर्विलांस टीम को सम्मानित किया।

## पुलिस अधीक्षक उन्नाव द्वारा थाना अजगैन का औचक निरीक्षण

अवध की आवाज

उन्नाव। पुलिस अधीक्षक उन्नाव द्वारा थाना अजगैन का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान महोदय द्वारा थाना कार्यालय, सीसीटीएनएस कार्यालय , महिला हेल्पडेस्क ,भोजनालय , बैरक तथा मालखाना,शस्त्रागार व दंगारोधी उपकरणों आदि को चेक किया गया। अभिलेखों के रखरखाव व थाना परिसर में साफ–सफाई के संबन्ध में प्रभारी निरीक्षक अजगैन को आवश्यक दिशा–निर्देश दिये गये तथा थाने पर नियुक्त समस्त पुलिसकर्मियों को अनुशासन व शालीनता के साथ ड्यूटी करने हेतु निर्देशित किया गया।





बरेली। 75 वें स्वतंत्रता दिवस पर शहर के दिग्गजों को पांचाल शिरोमणि,कवियों को काव्य शिरोमणि एवं समाज सेवियों को समाज सेवा शिरोमणि सम्मान से किया अलंकृत,शहीदों को किया नमन — डॉ.रजनीश सक्सेना(संस्थापकध्राष्ट्रीय अध्यक्ष)।

## महिलाओं की भागीदारी कर मनरेगा में मेट की मिली जिम्मेदारी

कुठौंद(जालौन) आज विकास खण्ड़ कुठौंद में कुठौंद ब्लॉक की 67 ग्राम पंचायतों में 2 महिला मेट की नियुक्त की गई। ये महिलाएं नरेगा के कार्यो में नजर रखेगी और भ्रस्टाचार में लगाम लगाने में हम भूमिका निभाई। सरकार द्वरा इनको दैनिक मजदूरी 320 रुपये प्रतिदिन के हिसाब दे। मिलेगे एडीओ आइएसबी अखिलेश शर्मा ने बताया कि ब्लॉक में जो समूह चल रहे है। सरकार द्वरा प्रयाश किया गया है कि समूह की महिलाओं को रोजगार दिया जाए जिसके चलते विकास खण्ड कुठौंद की 67 ग्राम पंचायतों से समूह की 2 महिलाओं का चयन किया गया । ये महिलाओं महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना द्वारा ग्राम पंचायतों में चल रहे कार्यो की मॉनिटरिंग करेगी और भ्रस्टाचार न हो सके इसके लिए ये फर्जी जोबकार्डो पर नकेल कसेगी। इसके एवज में इन महिलाओं को दैनिक मजदूरी के हिसभ से 320 रुपये मानदेय मिलेगा इसी क्रम में आज 72 महिलाओं को प्रशिक्षाण दिया गया और सिखाया गया है कि गाँव मे मनरेगा के कार्यो को कैसे करना है प्रशिक्षण में एडीओ आइएसबी अखिलेश शर्मा,ग्राम विकास अधिकारी शिवशरण भदौरिया,रवि यादव ब्लॉक मिशन प्रबंधक,जेई ऋषि कुमार,रोजगार सेवक विनय त्रिपाठी, कौशल कुमार सन्त जी,अमित कुमार मनरेगा राजू बाबू लिपिक सहित विकास खण्ड कुठौंन्द के दर्जनों स्टाफ मौजूद रहा।



## एनटीपीसी विंध्याचल नें मनाया 75वां स्वतन्त्रता दिवस आजादी का अमृत महोत्सव

अवध की आवाज

जिला सिंगरौली। स्वतन्त्रता दिवस के अवसर पर एनटीपीसी–विंध्याचल नें देश के 75वीं स्वतन्त्रता दिवस के उत्सव पर प्रशासनिक भवन में एक सादगी पूर्ण समारोह का आयोजन किया। इस अवसर पर भारत सरकार के दिशा निर्देशानुसार सोशल डिस्टेन्सिंग एवं कोविड–19 की सभी एतिहातो का पालन किया गया। कार्यकारी निदेशक (विंध्याचल) श्री मुनीश जौहरी ने देश के 75वें स्वतन्त्रता दिवस के अवसर पर प्रशासनिक भवन परिसर में ध्वजारोहण एवं राष्ट्रगान किया। कोविड–19 महामारी की परिस्थिति को ध्यान में रखते हुए सीआईएसएफ की एक टुकड़ी द्वारा तिरंगे को सलामी दी गई। इसके पश्चात श्री मुनीश जौहरी ने उपस्थित कर्मचारियों को संबोधित करते हुए सभी को स्वतन्त्रता दिवस की हार्दिक बधाई दी । इसी क्रम में उन्होने इस वर्ष एनटीपीसी–विंध्याचल द्वारा प्राप्त कुछ विशिष्ट उपलब्धियों पर भी प्रकाश डाला। अपने उद्बोधन में श्री जौहरी नें कहा कि जिस प्रकार भारत विविधताओं का देश है, उसी प्रकार हमारी एनटीपीसी–विंध्याचल भी विविध तरह से बिजली उत्पादन कर रही है, फिर चाहे वो कोयला हो, सोलर हो या हाइड्रो । साथ ही उन्होनें यह भी कहा कि हमें यह सोचकर गर्व करना चाहिए कि हम उस उद्योग से जुड़े हैं जिससे किसी भी राष्ट्र के विकास का आंकलन किया जाता है। कार्यक्रम की अगली कड़ी में कार्यकारी निदेशक श्री मुनीश जौहरी नें सीआईएसएफ एवं एनटीपीसी विंध्याचल के उन कर्मचारियों का कोविड वारियर्स अवार्ड से सम्मान किया, जिन्होनें इस महामारी से लड़ने में अपना विशिष्ट योगदान दिया। इस कार्यक्रम के दौरान डी पी एस, डी–पॉल एवं सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय के कक्षा 10 और कक्षा 12वीं के बेस्ट स्टूडेंट अवार्ड के विजेताओं के नाम घोषित किए गए तथा उनके कड़ी परिश्रम की सराहना की गई। इस कार्यक्रम में मुख्य रुप से महाप्रबंधक(अनुरक्षण एवं प्रचालन) श्री सोमेस बंद्योपाध्याय , एवं अन्य सभी महाप्रबंधकगण, अपर महाप्रबंधकगण, विभागाध्यक्षध्अनुभागाध्यक्ष, परियोजना की प्रथम महिला श्रीमती मृदुला जौहरी एवं सुहासिनी संघ की अन्य पदाधिकारी, वरिष्ठ कमांडेंट (सीआईएसएफ) श्री जे पी आजाद, यूनियनध्एसोसिएशन के पदाधिकारीगण तथा सुरक्षा बल उपस्थित रहें तथा वेबकास्ट के जरिये एनटीपीसी परिवार के कई सदस्य भी जुड़े। धन्यवाद ज्ञापित करते हुये समारोह के अंत में महाप्रबंधक (मानव संसाधन) श्री उत्तम लाल नें एक बार पुनः सभी को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई दी एवं स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को शत–शत नमन किया



## हर्षोउल्लास पूर्वक 75वां स्वतंत्रता दिवस मनाया गया एनटीपीसी शक्तिनगर में

अवध क आवाज

जिला सिंगरौली। एन टी पी सी–सिंगरौली विद्युत गृह के आवासीय टाउनशिप स्थित जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में 75वां स्वतंत्रता दिवस–21 हर्षोउल्लास से मनाया गया । मुख्य अतिथि स्टेशन के कार्यकारी निदेशक श्री देबाशीष चट्टोपाध्याय द्वारा ध्वजारोहण करते ही, उपस्थितों ने समवेत राष्ट्रगान गाकर मध्य केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के द्वारा राष्ट्रीय सलामी दी गयी । इस मौके पर कार्यकारी निदेशक ने कहा कि अमर बलिदानियों के सपने के अनुरूप भारत के नव निमार्ण की दिशा में हम लगातार प्रयास करेंगे। एनटीपीसी की उपलब्धियों की चर्चा करते हुए मुख्य अतिथि ने गर्व के साथ अवगत कराया है कि एनटीपीसी मौजूदा वक्त में 66885 मेगावाट विद्युत उत्पादन करने वाली देश की प्रमुख विद्युत उत्पादक कंपनी है तथा चार दशक पुराना विद्युत गृह होने के बाद भी किफायती विद्युत उत्पादक कंपनियों में प्रमुख स्थान बनाये हुए हैं। एनटीपीसी समूह ने वर्तमान वित्त वर्ष में संचयी उत्पादन 100 बिलियन यूनिट से अधिक विद्युत उत्पादन कर देश के कल कारखानों को विद्युत शक्ति का सहयोग प्रदान किया है । एनटीपीसी लिमि0 को प्राप्त पुरस्कारों की चर्चा करते हुए मुख्य अतिथि ने अवगत कराया कि हमारी कंपनी एक मात्र पी एस यू है जिसे टॉप 50 बेस्ट प्लैस टू वर्क में स्थान प्राप्त हुआ है तथा प्रसन्नता एवं फ्रक है कि इस विशाल विद्युत उत्पादक कंपनी का शुभारंभ सिंगरौली से हुआ था। इसी क्रम में कार्यकारी निदेशक ने जिला प्रशासन, केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल ,स्थानीय पुलिस , ग्रामप्रधान सहित सिंगरौली विद्युत गृह से प्रत्यक्ष–अप्रत्यक्ष जुड़ी संस्थाओं ऐजेसियों के सहयोग के प्रति आभार जताया। मुख्य अतिथि के सम्बोधन के दौरान उपस्थितों ने तालियां बजाकर अपनी प्रसन्नता की अभिव्यक्ति करते रहे । इस वर्ष स्वतंत्रता दिवस अमृत महोत्सव की थीम पर बनाया गया । श्री गोपाल दत्त, कमान्डेंट की निर्देशन एवं श्री बी.डी. गुप्ता इन्सपेक्टर के.औ.सु.बल की अगुवाई में परेड प्रस्तुत किया गया । सिंगरौली शक्तिनगर के मेन प्लांट स्थित सेवा भवन आवासीय टाउनशिप स्थित समस्त विद्यालय एवं शापिंग काम्पलेक्स परिसर में ध्वजारोहण के कार्यक्रम हुए । स्वतंत्रता दिवस के मौके पर अधिकारियो, कर्मचारियों,संविदा श्रमिकों को उनके बेहतर योगदान ध्कार्य निष्पादनध सहयोग सहित विभिन्न प्रकार के पुरस्कार प्रदान किये जाने की परंपरा रही है । कोविड के मद्देनजर रखते हुए पुरस्कारों का वितरण संबंधित अधिकारी, कर्मचारी को उनके विभागाध्यक्ष द्वारा प्रदान किया जायेगा ।संविदा श्रमिकों के पुरस्कार भी उनके साइट प्रभारी भेट करेगे । कार्यक्रम का ओजस्वी एवं सफल संचाजन श्री आदेश कुमार पाण्डेय, प्रबंधक य मानव संसाधन– द्वारा किया गया ।



## अवैध मद्यनिष्कर्षण एवं अवैध मदिरा के कारोबार पर सख्ती से रोक लगाये जाने हेतु लगातार चलाये जा रहे विशेष प्रवर्तन अभियान के अन्तर्गत औचक रूप से की गई चेकिंग

अवध की आवाज ब्यूरो

सीतापुर। (सू0वि0) आबकारी आयुक्त महोदय, उ0प्र0, प्रयागराज के निर्देशानुक्रम में जिलाधिकारी महोदय, सीतापुर के आदेशानुपालन में सुनील कुमार दुबे, जिला आबकारी अधिकारी, सीतापुर के नेतृत्व में जनपद सीतापुर में अवैध मद्यनिष्कर्षण एवं अवैध मदिरा के कारोबार पर सख्ती से रोक लगाये जाने हेतु लगातार चलाये जा रहे विशेष प्रवर्तन अभियान के अन्तर्गत औचक रूप से आबकारी दुकानों की चेकिंग, राजमार्गों पर संदिग्ध के किसी भी प्रकार के कारोबार इत्यादि के सम्बन्ध में कोई सूचना प्राप्त होने पर आबकारी विभाग के क्षेत्रीय आबकारी निरीक्षकों के साथ–साथ जिला आबकारी अधिकारी को भी तत्काल सूचना दिये जाने हेतु परामर्श भी दिया गया, जिससे कि प्राप्त सूचना के अनुसार त्वरित प्रवर्तन कार्यवाही कराते हुये अवैध मदिरा का निर्माण एवं उसकी बिक्री पर प्रभावी रूप से रोक लगायी जा सके। अवैध मदिरा के निष्कर्षण/निर्माण एवं कारोबार करने वालों के विरूद्ध नियमानुसार कड़ी







वाहनों एवं एल्कोहल व एथनाल तथा मिथाइल के टैंकरों की औचक जांच एवं संदिग्ध ढाबों की भी सघन चेकिंग करायी जा रही है। इसी क्रम में चलाए जा रहे विशेष प्रवर्तन अभियान के अंतर्गत दिनांक 15.08.2021 को अवैध मदिरा निर्माण एवं बिक्री के विरूद्ध कार्यवाही करते हुये अवैध मद्य निष्कर्षण की प्राप्त सूचना के आधार पर संयुक्त आबकारी टीम द्वारा थाना कोतवाली देहात के ग्राम पिपरी मिर्जापुर एवं पीतपुर तथा थाना रामकोट के ग्राम प्रतापपुर एवं थाना खैराबाद के ग्राम दौलतपुर तथा थाना इमलिया सुल्तानपुर के ग्राम सर्वांगपुर में औचक छापेमार कार्यवाही करते हुये लगभग 30 लीटर अवैध कच्ची शराब जब्त कर 02 अवैध शराब की भट्ठियों तथा लगभग 250 कि0ग्राम लहन को मौके पर ही नष्ट कर 04 अभियुक्तों को गिरफ्तार करते हुये आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत करते हुये नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही की गयी।

उक्त के अन्तर्गत ग्रामवासियों को अवैध कच्ची शराब के निर्माण एवं उसकी बिक्री से जनित हानियों के सम्बन्ध में जागरूक किया गया। साथ ही ग्रामीणों को अवैध मदिरा कार्यवाही की जा सके। जिला आबकारी अधिकारी ने बताया कि इस प्रकार शासन व प्रशासन की मंशानुरूप संयुक्त टीमों द्वारा सघन छापेमारी की यह कार्यवाही आगे भी इसी प्रकार निरन्तर जारी रहेगी।

# जिला सैनिक बंधु" की बैठक प्रत्येक माह के तीसरे शनिवार को

अवध की आवाज ब्यूरो

उन्नाव। (सूचना विभाग ) जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी मधु मिश्रा ने जनपद उन्नाव के समस्त सेवारत सैनिकों/पूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों को सूचित किया है कि "जिला सैनिक बंधु की बैठक प्रत्येक माह के तीसरे शनिवार को मध्यान्ह 12:30 बजे जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय, उन्नाव के सभाकक्ष में आयोजित की जाएगी। इस दिन अवकाश होने की स्थिति में आगामी कार्य दिवस को यह बैठक आयोजित होगी।

जिला सैनिक कल्याण अधिकारी ने बताया कि जनपद के समस्त सेवारत सैनिक/ पूर्व सैनिक एवं उनके आश्रित अपनी समस्या से संबंधित प्रार्थना पत्र दो प्रतियों में "जिला सैनिक बंधु" की बैठक से 03 दिन पूर्व जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी उन्नाव को उपलब्ध कराएं ताकि कोविड–19 महामारी संबंधी दिशा निर्देश के अनुरूप व्यवस्था की जा सके और प्रकरण से संबंधित अधिकारियों को बैठक में अनिवार्य रुप से उपस्थित होने को कहा जा सके।





## मदरसा गुलशने रजा बरोठा मे ग्राम रोजगार सेवक अमर प्रकाश ने किया ध्वजारोहण

अवध की आवाज ब्यूरो

निघासन खीरी। हिन्दू मुस्लिम तहजीब को अब भी बरकरार रखते हुए बरोठा ग्राम रोजगार सेवक अमर प्रकाश शुक्ला ने किया ध्वजारोहण भारत देश एक ऐसा देश है जहाँ सभी धर्मों को एक समान माना जाता है।सभी धर्म को लोगो आजादी है कि वो अपनी बात पूरे हक के साथ कहे सके इसी को देखते हुए आज मुस्लिम समुदाय के मदरसा गुलशने रजा बरोठा में बरोठा ग्राम रोजगार सेवक अमर प्रकाश शुक्ला ने स्वतंत्रता दिवस की शुभ अवसर पर किया ध्वजा रोहण ध्वजारोहण करना भी एक सौभग्य की बात होती है जो सबके नसीब में कहाँ आज सभी जगहों पे भारत का तिरंगा लहराया है।और इस दौरान अमर प्रकाश शुक्ला ने बताया कि आज के हमारा देश अंग्रेजो कि गुलामी से आजाद हुआ था। इस आजादी में कोई वीर पुरषों ने अपनी जान गवा दी और वीरगती को प्रप्त हो गए थे।उन शहीदों को हम दिल से नमन करते है। जिन के बलिदान के करण आज मुझे ये सौभाग्य प्राप्त हुआ कि में आप सब की बीच आज ध्वजारोहण कर रहा हूँ साथ ही सरकार द्वारा बताई गई कोरोना की गाइडलाइन का नियमानुसार पालन करते हुए और साफ सफाई का विषेस ध्यान रखते हुए सभी जगहो पे ध्वजारोहण किया गया। इस मे मौजूद ,मदरसा गुलशने रजा के मो आशिफ हाफी जी ,मस्जिद के पेसेइमाम नसीम हाफी जी,गांव के सम्मनित लोग आदि लोग मौजूद रहे।



## जिलाधिकारी को किये 05 जम्बों आक्सीजन सिलेण्डर भेंट

अवध की आवाज ब्यूरो

उन्नाव। (सू0वि0) कोरोना महामारी को दृष्टिगत रखते हुये आज आई0सी0आई0सी0आई0 बैंक द्वारा जिलाधिकारी रवीन्द्र कुमार को 05 जम्बों ऑक्सीजन सिलेण्डर भेंट किये। जिलाधिकारी ने आई0सी0आई0सी0आई0 फाउण्डेशन व आई0सी0आई0सी0आई0 बैंक की प्रशंसा करते हुये कहा कि कोरोना महामारी में लगातार सभी लोगों का सहयोग मिल रहा है। इस अवसर पर उज्जवलेन्द्र शुक्ला मैनेजर (गवर्नमेन्ट बैंकिंग ग्रुप) व अंकुर सक्सेना ब्रान्च मैनेजर आई0सी0आई0सी0आई0 बैंक उपस्थित रहे।



## भीख मांगने के नाम पर लोगों से चोरी करने वाली महिला गिरफ्तार

मुजफ्फरनगर, (वेबवार्ता)। उत्तर प्रदेश के शामली जिले में भीख की आड़ में लोगों से चोरी करने वाली एक महिला को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि राजस्थान की रहने वाली आरती को 50,000 रुपये चोरी की गई नकदी के साथ रविवार को गिरफ्तार किया गया और कोतवाली पुलिस थाने में उसके खिलाफ एक मामला दर्ज किया गया है। पुलिस अधीक्षक (एसपी) सुकीर्ति माधव मिश्रा के मुताबिक, आरोपी ने राशु अरोड़ा से 20 हजार रुपये और करन सिंघल से 30,000 रुपये चोरी किए थे। पुलिस ने बताया कि अरोड़ा और सिंघल ने इस संबंध में पिछले हफ्ते प्राथमिकी दर्ज कराई थी। जांच के दौरान, पुलिस को पता चला कि बाजार में भीख मांगते हुए पर्स चोरी करने में महिलाओं का एक गिरोह शामिल है।

# सावन का चौथा सोमवार: काशीपुराधिपति के दरबार में आस्था की कतार, अटूट जलधार

वाराणसी, (वेबवार्ता)। सावन मास के चौथे और आखिरी सोमवार पर काशी पुराधिपति बाबा विश्वनाथ के दरबार में 'कैलाशी काशी के वासी अविनाशी मेरी सुध लीजो' के आतुर भाव से शिवभक्तों ने हाजिरी लगाई। शिवभक्तों ने पावन ज्योर्तिलिंग की झांकी दर्शन कर घर परिवार में सुख शान्ति, वैभव के साथ वैश्विक महामारी कोरोना से मुक्ति दिलाने के लिए अर्जी भी लगाई।

इस दौरान पूरा मंदिर परिसर हर–हर महादेव, काशी विश्वनाथ शंभों के गगनभेदी जयकारे से गुंजायमान रहा। दरबार में घंट–घड़ियाल की गूंज, आस्था की अटूट जलधार, बाबा के प्रति भक्तों का अनुराग समर्पण चहुंओर नजर आया। इसके पूर्व तड़के बाबा के विग्रह को परम्परानुसार विधि विधान से पंचामृत स्नान कराया गया। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भव्य श्रृंगार कर मंगला आरती के बाद मंदिर का पट सुबह पांच बजे शिवभक्तों के लिए खुल गया। इसके साथ ही रविवार की शाम से पूरी रात बैरिकेडिंग में प्रतीक्षारत खड़ी श्रद्धा की कतार दरश परश, जलाभिषेक के लिए दरबार में उमड़ पड़ी। श्रद्धालु कोविड प्रोटोकाल का पालन कर रेड कार्पेट पर चलकर दरबार में दर्शन पूजन के लिए पहुंचते रहे। दरबार में श्रद्धालु सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुए बाबा का दर्शन और जलाभिषेक कर रहे है। मंदिर परिसर को हर छह घंटे पर सेनेटाइज किया जा रहा है। आपात स्थिति के लिए चिकित्सक, एम्बुलेंस और एनडीआरएफ टीम को भी तैनात किया गया है। पेयजल से लेकर खोया पाया केंद्र, पब्लिक एड्रेस सिस्टम भी लगाया गया है।

मंदिर के मुख्य कार्यपालक अधिकारी सुनील वर्मा ने बताया कि मंदिर में गर्भगृह के पहले ही बाबा काशी विश्वनाथ का दर्शन एलईडी स्क्रीन पर श्रद्धालु कर कर रहे है। सभी रास्तों पर पेयजल की व्यवस्था की गई है। स्टील की रेलिंग के बीच बिछे कारपेट से श्रद्धालु मंदिर में प्रवेश कर रहे है।

मंदिर में प्रवेश के लिए ए, बी, सी, डी नाम से चार गेट बनाए गए हैं। श्रद्धालुओं को गेट नंबर चार छत्ताद्वार होते हुए मंदिर चौक भेजा जा रहा है। श्रद्धालुओं को गेट–ए से प्रवेश करने के बाद गर्भगृह के पूर्वी प्रवेश द्वार पर जल चढ़ाने की व्यवस्था दी गई है। बांसफाटक से ढुंढिराज गली होकर आने वाले श्रद्धालु मंदिर परिसर के गेट–डी से प्रवेश कर रहे है। मंदिर के गर्भगृह के पश्चिमी द्वार से दर्शन व जलाभिषेक श्रद्धालु कर रहे है। सरस्वती फाटक की ओर से आने वाले श्रद्धालु गर्भगृह के दक्षिणी द्वार और वीआईपी, वीवीआईपी व सुगम दर्शन के टिकटधारी गेट–सी से प्रवेश कर गर्भगृह के उत्तरी द्वार से दर्शन पूजन कर रहे है। मंदिर परिसर और आसपास के इलाके में सुरक्षा का व्यापक प्रबंध किया गया है। पुलिस अफसर फोर्स के साथ लगातार गश्त कर रहे है।

श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए दशाश्वमेध से गोदौलिया, बांसफाटक, चौक होते हुए मैदागिन तक का क्षेत्र 3 जोन और 8 सेक्टर में बांटा गया है। सुरक्षा व्यवस्था में पुलिस, ट्रैफिक पुलिस और पीएसी के अलावा सेंट्रल पैरामिलिट्री फोर्स के जवान डटे हुए है। चौथे सोमवार पर ही जिले के सभी प्रमुख शिवालयों कैथी स्थित मार्कण्डेय महादेव,दारानगर स्थित महामृत्युजंय, ईश्वरगंगी जागेश्वर महादेव,रोहनिया शूलटंकेश्वर महादेव, तिलभाण्डेश्वर महादेव, गौरी केदारेश्वर महादेव, त्रिलोचन महादेव, रामेश्वर महादेव, कर्मदेश्वर महादेव, सारंगनाथ सारनाथ, गौतमेश्वर महादेव दरबार भी शिवभक्तों से पटा रहा।

शिवभक्त कतारबद्ध होकर जलाभिषेक के लिए आतुर दिखे। घरों में भी लोगों ने सुख शांति के लिए रूद्राभिषेक कराया। सनातन धर्म में मान्यता है कि जो व्यक्ति सावन सोमवार पर व्रत सच्चे मन से रखता है उसकी समस्त मनोकामनाएं पूर्ण हो जाती हैं।

हिन्दू पंचांग के अनुसार, सावन के चौथे सोमवार के दिन प्रातः 07 बजकर 47 मिनट पर श्रावण मास की शुक्ल पक्ष की अष्टमी की तिथि का समापन हो गया। इसके बाद नवमी की तिथि आरंभ हो गई है। ऐसे में सावन के आखिरी सोमवार पर अष्टमी और नवमी की तिथि का विशेष संयोग का अवसर है। चंद्रमा वृश्चिक राशि में स्थित है। ऐसे में शिव की पूजा और रूद्राभिषेक करना बेहद शुभ है। माना जाता है कि इस समय कोई भी कार्य करने पर विजय प्राप्त होती है।

सावन के चौथे सोमवार पर परंपरानुसार बाबा का रुद्राक्ष श्रृंगार करने के पूर्व पूरे दरबार को विविध सुगन्धित फूलों और अशोक की पत्तियों के साथ रूद्राक्ष से सजाया गया है। मंदिर के गर्भगृह के साथ ही पूरा परिसर शाम को रुद्राक्ष मय हो जाएगा। शाम को श्रृंगार भोग आरती से ठीक पहले रुद्राक्ष झांकी सजेगी और भक्तजन इसका विशेष दर्शन पाएंगे।

# बागपत में मंदिर के बाहर मांसाहार बेचने का विरोध करने पर मारपीट, बस पर पथराव

बागपत, (वेबवार्ता)। उत्तर प्रदेश के बागपत में खेकड़ा थानाक्षेत्र के बड़ागांव में मंदिर के बाहर कथित तौर पर मांसाहार बेचने का विरोध करने पर एक युवक ने श्रद्धालुओं से मारपीट की। खेकड़ा के पुलिस निरीक्षक नोवेन्द्र सिंह सिरोही ने बताया कि बड़ागांव के पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में रविवार को भगवान पार्श्वनाथ के निर्वाण महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया था, रात में मंदिर के बाहर एक युवक ठेले पर जैन शिकंजी का बैनर लगाकर मांसाहार बेच रहा था जिसका बड़ौत से आए कुछ श्रद्धालुओं ने विरोध किया, तो आरोपी ने उनके साथ मारपीट की। उन्होंने बताया कि इसके कुछ देर बाद आरोपी बड़ागांव से बड़ी संख्या में अपने साथियों को ले आया और उन्होंने श्रद्धालुओं की बस पर पथराव किया तथा बस में आग लगाने का भी प्रयास किया। पथराव से बस क्षतिग्रस्त हो गई है। पुलिस ने बताया कि अब तक चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है और शेष अभियुक्तों की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं। किसी अप्रिय घटना से बचने के लिए बड़ागांव में पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है। सूचना मिलने पर पुलिस क्षेत्राधिकारी युवराज सिंह और कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची।



अवध की आवाज ब्यूरो

लखनऊ। 15–8–2021को निर्बल विकास जन कल्याण सेवा संस्थान उत्तर प्रदेश के पदाधिकारी एवं सदस्यों की उपस्थिति में निर्धन असहाय गरीब बच्चों को संस्था द्वारा निशुल्क शिक्षा दी जा रही है ग्राम सिमरा फैजुल्लागंज एवं हरीओम नगर मड़ियांव लखनऊ पर प्रदेश महासचिव रमेश सिंह रवि ने स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर ध्वजारोहण कर मिठाई वितरण करते हुए सभी को 75 वे स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस मौके पर कपिल सिंह, अखंड प्रताप सिंह ,गीता लोधी, सुलेखा धानुक, रूबी एडवोकेट , कुसुम गौतम, प्रदीप शर्मा, कामता प्रसाद पाल ,रेखा शर्मा,मंजू रावत ,राजेश कुमार शर्मा, कविता वर्मा, जानवी सिंह, अशरफ अली उर्फ राजू, पुष्कर कश्यप उर्फ अंकित, ए.के. पांडे आदि क्षेत्रीय जनता उपस्थित रहे।

# 75 वें स्वतंत्रता दिवस पर पत्रकार एसोसिएशन ने किया भव्य कार्यक्रम का आयोजन

## राज्य सूचना आयुक्त नरेंद्र श्रीवास्तव और उदय खत्री ने सराहनीय कार्य करने वालो को किया सम्मानित

अवध की आवाज ब्यूरो

लखनऊ। 75 वे.स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर उ.प्र.जिला मान्यता प्राप्त पत्रकार एसोसिएशन के प्रदेश कार्यालय पर भव्य झंडा रोहण समारोह का आयोजन किया गया।समारोह में मुख्य अतिथि राज्य सूचना आयुक्त नरेंद्र श्रीवास्तव एवं विशिष्ट अतिथि स्वतंत्रता संग्राम सेनानी रामकृष्ण खत्री के सुपुत्र उदय खत्री,वरिष्ट पत्रकार सुल्तान शाकिर हाशमी,सुशील दुबे का स्वागत अध्यछ पंडित हरिओम शर्मा, महामंत्री अब्दुल वहीद और सचिव जुबेर ने गर्मजोशी के साथ किया तत्पश्चात झंडारोहण किया गया।इस मौके पर सूचना आयुक्त नरेंद्र श्रीवास्तव ने अपने संबोधन में पत्रकार एसोसिएशन के इस शानदार कार्यक्रम की प्रशंसा की और कहा कि जिस तरह से हम सब विभिन्न धर्मों के लोग अपने त्यौहार होली ,दिवाली ईद, गुरु पर्व क्रिसमस आदि धूमधाम से मनाते हैं इसी तरह से हमें अपने राष्ट्रीय पर्व 15 अगस्त 26 जनवरी को भी धूमधाम के साथ सामूहिक रूप से मनाना चाहिए। पत्रकार एसोसिएशन की यह पहल स्वागत योग्य और सराहनीय है। समारोह को संबोधित करते हुए उदय खत्री ने कहा कि यह आजादी बड़ी मुश्किल और संघर्ष के बाद हमारे पूर्वजों ने हासिल की है।कई शहीदों की जवानी जिंदगी परिवार स्वतंत्रता के आंदोलन में कुर्बान हो गए सभी धर्मों और वर्गों के लोगों ने अपना योगदान इस आंदोलन में दिया आज जरूरत है कि हम इसके महत्व को समझ कर राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान दें। वरिष्ठ पत्रकार सुशील दुबे ने मुल्क के मौजूदा हालात से निपटने के लिए नफरतों से दूर रहने और भाईचारा बढ़ाने की सलाह दी वरिष्ठ पत्रकार डॉ सुल्तान शाकिर हाशमी ने मुल्क में आपसी अमन चैन की दुआ की और आज़ादी की कीमत को समझाया।अब्दुल वहीद, जुबेर अहमद ,अभय अग्रवाल, इरशाद राही,शाहिद सिद्दीकी ने उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आए मेहमानों का स्वागत किया और कहा कि अब पत्रकार एसोसिएशन राष्ट्रीय पर्वों पर धूमधाम से हर वर्ष कार्यक्रम आयोजित करती रहेगी। उल्लेखनीय है कि पत्रकार संगठन ने कोरोना लॉकडाउन के दौरान भी कई गरीब असहाय लोगों की अपनी सीमित संसाधनों के बावजूद भी तन मन धन से मदद की संगठन समाज सेवा के कार्यों में अक्सर आगे रहता है बहुत संक्षिप्त सूचना और समय सीमित तैयारियों के बीच हुए इस कार्यक्रम में बहुत बड़ी संख्या में पत्रकार ,समाजसेवी गणमान्य अतिथि गण उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों से पधारे कार्यक्रम में आए अतिथियों और सहयोगी टीम कार्यकर्ताओं का पदक और अंग वस्त्र पहना कर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में वसी अहमद सिद्दिकी और मो.अली साहिल ने राष्ट्रभक्ति के गीत शेर और शायरी का प्रस्तुतीकरण किया।कार्यक्रम का कुशल संचालन जुबैर अहमद ने किया।इस आयोजन में अभय अग्रवाल ,एम एम मोहसिन,डॉ रामायण,सरफ़राज़ खान,विनोद सिंह,आरिफ मुक़ीम,वामिक खान,मो. गौस, इमरान खान, जितेंद्र कुमार खन्ना,आबिद अली कुरैशी,वसी अहमद सिद्दीकी,डॉ तौकीर,इरफान खान, तौहीद आलम, अवधेश ,अमरजीत राजेश गुप्ता,खालिद,मो.इरफान,जुहैब उस्मानी,विजय गुप्ता ,मोहित लोधी,आनंद सिंह नवाज़,सहित बड़ी संख्या में पत्रकार छायाकार,गणमान्य अतिथि गण उपस्थित रहे अंत में मिष्ठान जलपान वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

# ओलंपिक खिलाड़ियों से नाश्ते पर मिले मोदी

नई दिल्ली, (वेबवार्ता)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने टोक्यो ओलंपिक में हिस्सा लेने वाले भारतीय खिलाड़ियों से सोमवार को नाश्ते पर मुलाकात की। ओलंपिक मैं भाला फेंक स्पर्धा में देश को स्वर्ण पदक दिलाने वाले नीरज चोपड़ा और भारोत्तोलन में देश को रजत पदक दिलाने वाली मीराबाई चानू सहित ओलंपिक दल के खिलाड़ी आज सुबह प्रधानमंत्री के आधिकारिक निवास 7 रेस कोर्स रोड पहुंचे। प्रधानमंत्री ने इन खिलाड़ियों के लिए आज नाश्ते का आयोजन किया था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ओलिंपिक खिलाड़ियों को रविवार को देश के 75 वें स्वतंत्रता दिवस के मुख्य आयोजन मैं लाल किले पर भी आमंत्रित किया था। प्रधानमंत्री ने अपने भाषण में इन खिलाड़ियों की खुलकर प्रशंसा की थी और देशवासियों से भी इनका खुले दिल से स्वागत करने को कहा था। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री ओलंपक खेल शुरू होने से पहले से ही खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाते रहे थे। उन्होंने कई खिलाड़ियों से टोक्यो में भी फोन पर बात कर उनका हौसला बढ़ाया था तथा कहा था कि देश को उन पर गर्व है।

# सम्पादकीय

## अपेक्षाओं के मापदण्ड पर लाल किला के प्राचीर की प्रतिध्वनि

देश आज अपनी स्वाधीनता की 75 वीं वर्षगांठ मना रहा है। खुशी, उल्लास और उत्सव के पल सांझा करने की होड सी लगी है। सोशल मीडिया से लेकर व्यक्तिगत संवादों तक में बधाइयां, शुभकामनायें देने का दौर चल रहा है। कहीं प्रधानमंत्री के संबोधन पर चर्चायें हो रहीं है तो कहीं देश के वर्तमान हालातों पर समीक्षायें की जा रहीं हैं। राजनैतिक खेमों की सोच के मध्य एक वर्ग ऐसा भी है जिसे धरातल से जुडा राष्ट्रवादी कहा जा सकता है। इस वर्ग के पास सोच है, समझ है, दूरदर्शिता है परन्तु पहुंच नहीं है। चिंतन को चिंता की हद तक पहुंचाने के बाद भी उन्हें अपेक्षित परिणाम प्राप्त नहीं होते। इस वर्ग को राजनैतिक सोच से प्रभावित लोग कभी गोदी मीडिया तो कभी टुकडे–टुकडे गैंग का अंग कह कर हाशिये के बाहर कर पहुंचा देते हैं। वास्तविकता यह है कि इस वर्ग को निष्पक्ष समीक्षा करने पर ही हमेशा अभिशापित गया है, धरातली प्रतिभाओं को पलायन करना पडा है और जागरूक नागरिकों को होना पडा है कुण्ठित। सत्य को सत्य कहने वाले अपनी आवाज को कभी सामूहिक स्वार्थ के समूहों जैसी चीख नहीं बना पाये। परिणाम हुआ नक्कारखाने में तूती की आवाज सरीखा। आज लाल किले के प्राचीर से 88 मिनिट के संबोधन में प्रधानमंत्री ने उपलब्धियों, संभावानाओं और योजनाओं का खाका खींचा। देश को उज्जवल भविष्य की बानगी दिखाई। विकास के नये सोपानों को तय करने वाली नीतियों को उजागर किया परन्तु इन सब के बीच देश के गौरवशाली अतीत की पुनर्स्थापना कहीं खो सी गई। संस्कारों का संरक्षण कहीं गुम हो गया। धरातली प्रतिभाओं के साथ न्याय का जयघोष स्वरविहीन ही रहा। कोरोना काल की विभीषिका में चारों ओर केवल एक ही शोर किया गया कि चिकित्सा यानी अंग्रेजी दवाइयां, विलायती उपचार और आयातित उपकरण ही सांसों को चलाये रख सकते हैं। शारीरिक स्वास्थ के लिए ऐलोपैथी को एक मात्र उपाय मानने वालों की जमात में शामिल होने की ललक ने स्वयं की धरती से विकसित होने वाली आयुर्वेदिक संजीवनी को महात्वहीन बना दिया। आयुष की सिध्दा पद्धति की अनन्त क्षमताओं की ओर से मुंह मोड लिया। जबकि आयुर्वेद और सिध्दा की अनेक उपाचार पद्धतियां कोरोना जैसे वायरस को समाप्त करने में पूरी तरह सफल हो सकतीं थी परन्तु इन विधाओं के जानकारों को न तो अनुसंधान की सुविधायें ही दी गई और न हीं उन्हें अपने प्रयोगों को व्यवहार में लाने की अनुमति। आज के संबोधन में भी इस दिशा में मौन ही साधा गया। यानी निकट भविष्य में हम अपने परम्परागत ज्ञान को व्यवहार में लाने हेतु प्रयास नहीं करेंगे। वहीं मुफ्तखोरी से श्रम की क्षमता में लग रही जंग को अनदेखा कर दिया। सुविधाओं के नाम पर निकम्मेपन को बढावा देने वाले साधनों का ढिंढोरा पीटने की परम्पराओं का यथावत निर्वहन किया गया। स्वाधीनता के समय से ही जाति, धर्म, क्षेत्र, सम्प्रदाय जैसे आधारों पर नागरिकों को बांटने का ही काम जाता रहा, व्यक्तिगत तुष्टीकरण को पोषित करने हेतु पैतरेबाजी मुखरित होती चली गई, गुलामी तोडने की जंग में आयातित नेताओं को राष्ट्र के वास्तविक स्वतंत्रता सेनानियों पर थोप दिया गया। सच्चे देशप्रेमियों को फांसी, प्रताडना और जलालत देने वालों ने स्वयं के देश से सिखा–पढाकर भेजे लोगों के हाथों में गुलामी की लम्बी मार झेल चुके मौन नागरिकों को सौंप दिया। सत्ताधारियों ने तब अपने ही देश में हमारे राष्ट्र का संविधान बनवाकर अधिकांश लोगों की समझ से परे अंग्रेजी भाषा में थोप दिया। वही क्रम आज तक जारी है। राष्ट्र भाषा हिन्दी, संविधान अंग्रेजी में। देश के तीन–तीन नाम यानी भारत, इण्डिया और हिन्दुस्तान। राष्ट्र गौड होता चला गया, राष्ट्रहित नारा बना दिया गया है, राष्ट्रप्रेम फैशन बनकर गाया जाने लगा है परन्तु वास्तविकता तो यह है कि व्यक्तिगत हितों के लिए आज तक केवल और केवल समझौतों का दौर ही चल रहा है। यह सत्य है कि विगत कुछ समय में देश में परिवर्तन की लहर देखने में को मिली है परन्तु उतनी ही, जितनी चुनावी दंगल में आवश्यक है। धारा 370 और रामजन्म भूमि विवाद जैसे नासूर समाप्त किये गये। विदेश नीतियों में परिवर्तन लाया गया। कूटनीति सफल रही। चीन और पाक जैसों पर अंकुश लगाने के प्रयास हुए। मगर यह भी याद रखना चाहिए कि बुलेट ट्रेन से विकास के सोपान तय नहीं होंगे। इतनी ही धनराशि से नवीन संभावनाओं की इकाइयां स्थापित करके रोजगार के अनगिनत अवसर पैदा किये जा सकते थे। हमारी पुरातन विरासत से जुडी तकनीक पर शोध करने वाले संस्थानों की स्थापना की जा सकती थी। हमारे सनातन ग्रन्थों में वर्णित पुष्पक विमान की क्षमता और तकनीक पर यदि अमेरिका शोध कर सकता है तो फिर हम क्यों नहीं। सुदर्शन चक्र पर जर्मनी शोध कर सकता है तो हम क्यों नहीं। पानी पर पत्थर तैराने की तकनीक पर चीन शोध कर रहा है तो हम क्यों नहीं। ऐसे एक नहीं अनेक उदाहरण है जिन्हें रेखांकित किया जा सकता है। यही हाल चिकित्सा जगत में है, रोजगार जगत में है और है अंतरिक्ष जगत में। जब हमारा योग पश्चिम में योगा होकर लौटता है तब उसे स्वीकारोक्ति मिलती है। ऐसे अनगिनत कारक है जिनकी विवेचना की जाना चाहिए। अपेक्षाओं के मापदण्ड पर लाल किले के प्राचीर की प्रतिध्वनि कितनी सार्थक हुई, यह एक प्रश्नचिंह बनकर उभरा है। यह प्रश्न इसलिये भी उभरा है कि वर्तमान प्रधानमंत्री की ओर देश आशा भरी नजरों से देख रहा है। स्वयं के विवेक से निर्णय लेने वाले पर ही तो नागरिकों की अपेक्षायें टिकीं है। फिलहाल दूर–दूर तक कोई दूसरा व्यक्तित्व दिखाई नहीं देता। कुछ नया, सुखद और सम्मानित होने की संभावनायें आज चरम सीमा पर हैं। विसम परिस्थितियों में भी संयम का परचम फहराने वाले प्रधानमंत्री को देश के समृध्दिशाली अतीत की पुनर्स्थापना हेतु श्रंखलाबद्ध प्रयास करने होंगे तभी देश को पुनः विश्वगुरु के सिंहासन पर आसीन कराया जा सकेगा। इस बार बस इतना ही। अगले सप्ताह एक नई आहट के साथ फिर मुलाकात होगी।

# तालिबान का संकट

–सिद्वार्थ शंकर–

तालिबान ने बीते 10 दिन में अफगानिस्तान पर कब्जा कर लिया है। 15 अगस्त को काबुल पर कब्जे के साथ ही अफगानिस्तान में तालिबान का राज कायम हो गया है। इन लड़ाकों की रफ्तार ने दुनियाभर के सुरक्षा विश्लेषकों को हैरान कर दिया है। तालिबान ने कई जिलों और शहरों पर बिना एक भी गोली चलाए कब्जा किया है। तालिबान ने 6 अगस्त को ईरान सीमा से सटे जरांज पर कब्जा किया था। यह तालिबान के नियंत्रण में आने वाली पहली प्रांतीय राजधानी थी। इसके बाद एक–एक करके अफगानिस्तान की कई प्रांतीय राजधानियां तालिबान के कब्जे में आती गईं। विश्लेषक मानते हैं कि अफगानिस्तान की सेना के पास हथियार और प्रशिक्षण तो था, लेकिन वह स्थानीय लोगों का भरोसा जीतने में नाकाम रही। कई सालों से अफगान सेना पर मानवाधिकार उल्लंघन के आरोप लगते रहे हैं। स्थानीय लोगों के लिए सवाल ये था कि वे किसे ज्यादा नापसंद करते हैं। अफगान सरकार और उसके सुरक्षा बलों को, या तालिबान को। तालिबान ने हाल के सालों में स्थानीय स्तर पर कूटनीति का इस्तेमाल किया और लोगों को अपने साथ मिलाने की कोशिश की। यही वजह है कि बहुत से इलाके तालिबान ने एक भी गोली चलाए बिना ही कब्जा कर लिए। सवाल उठ रहा है कि तालिबान बिजली जैसी रफ्तार से कैसे आगे बढ़ा? अफगान सेना इतनी जल्दी पस्त कैसे हुई? यही समझने के लिए हमनें अफगानिस्तान युद्ध पर लंबे समय से नजर रख रहे रक्षा विश्लेषकों से बात की। अमेरिका 9/11 हमलों के बाद अल–कायदा को खत्म करने के लिए अफगानिस्तान आया था। तब अफगानिस्तान पर तालिबान का शासन था। अब 20 साल बाद अमेरिका अफगानिस्तान में स्थिरता और शांति लाने के अपने राजनीतिक उद्देश्यों को पूरा किए बिना ही लौट रहा है। अभी अमेरिकी सेना पूरी तरह से अफगानिस्तान से गई भी नहीं है और जिस अफगान सेना को अमेरिका ने 20 सालों से तैयार किया था, वह ताश के पत्तों की तरह बिखर रही है। अमेरिका ने कुछ महीनों में ही तालिबान को सत्ता से हटा दिया था। बहुत से लोगों ने मान लिया था कि तालिबान अब खत्म हो जाएगा, लेकिन जैफरी कहते हैं कि ये आकलन गलत था। वे कहते हैं, 'लोगों ने सालों पहले ही तालिबान को खत्म मान लिया था। यही सबसे बड़ी गलती थी। तालिबानी पूरी तरह अफगानिस्तान से कभी नहीं गए थे। जब अफगानिस्तान में नाटो और अमेरिकी सुरक्षा बल अपनी कामयाबी के शिखर पर थे, तब भी तालिबानी पूरी तरह खत्म नहीं हुए थे। हाल के सालों में तालिबान के फिर से उठ खड़े होने के कई कारण हैं। हलांकि इसकी सबसे बड़ी वजह ये है कि अफगानिस्तान सरकार स्थानीय स्तर पर एक सक्षम सेना और पुलिस बल खड़ा करने में नाकाम रही।' तालिबान की सबसे प्रमुख मांग है देश में शरिया कानून (इस्लामी कानून) लागू करना। अफगान सेना के पास वायुसेना भी थी और विदेशी सैन्य बलों की मदद भी। तालिबान के पास कोई वायुसेना नहीं है। अफगान सेना के मुकाबले उनके पास भारी हथियार भी कम थे। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि अफगान सेना इतनी पस्त क्यों साबित हुई है? अफगान सुरक्षा बलों की एक और सबसे बड़ी समस्या ये रही कि उनके पास इतने सैनिक नहीं थे जितने कि कागजों में हैं। इन्हें घोस्ट सोल्जर कहा जाता है। अफगानिस्तान पर नजर रखने वाले सभी लोग इस बारे में जानते हैं। अफगानिस्तान अंतरराष्ट्रीय समुदाय से उस सेना के लिए फंड हासिल कर रहा था, जो जमीन पर उस संख्या में मौजूद ही नहीं थी। इसमें कोई शक नहीं है कि अमेरिका और नाटो की मदद के बिना अफगानी सेना तालिबान से टक्कर नहीं ले सकती थी।

अमेरिका ने अफगान युद्धों पर लगभग दो ट्रिलियन डॉलर खर्च किए हैं। 20 साल से अमेरिकी सेना अफगानिस्तान में तैनात थी। अब, चूंकि अमेरिकी सेना अफगानिस्तान छोड़ रही है, तालिबान देश में अपनी मजबूत पकड़ बना रहा है। यह बहुत जल्द हो सकता है कि तालिबान द्वारा अफगान सरकार को उखाड़ फेंका जाए। यह एक बहुत बड़ा संकट है जिसका प्रभाव भारत में भी महसूस किया जाता है। क्योंकि भारत अफगानिस्तान से ज्यादा दूर नहीं है। अगर तालिबान सत्ता में बराबरी या कब्जा करता है तो यह भारत के लिए काफी दिक्कत भरा होगा। तालिबान चीन की सीमा तक पहुंच गया है। वह भारतीय कश्मीर में संकट उत्पन्न कर सकता है। पाकिस्तान का तालिबानीकरण कर सकता है। ईरान भी इस खतरे से दूर नहीं है। तालिबान के सत्ता में आने से पाकिस्तान, ईरान, चीन और भारत में चिंता बढ़ेगी। आने वाले समय में इन मुल्कों के रिश्तों नई तरह से परिभाषित हो सकते हैं। ईरान और अफगानिस्तान के मध्य 945 किमी लंबी सीमा है। हाल में तालिबान ने यह दावा किया था कि वह इस्लाम कलां इलाको पर कब्जा कर लिया है। यह इलाका ईरान की सीमा के पास है। यानी तालिबान का प्रभुत्व ईरान की सीमा के पास तक हो चुका है। शिया बहुल ईरान ने वैसे तो कभी तालिबान का खुला समर्थन नहीं किया है, लेकिन उसने कभी–कभी सुन्नी चरमपंथी संगठन तालिबान और अफगान सरकार के प्रतिनिधियों के बीच शांति वार्ता की मेजबानी की है। हाल में अफगान सरकार और तालिबान के प्रतिनिधियों के बीच तेहरान में हुई वार्ता के बाद ईरान ने स्पष्ट कहा था कि वह अफगानिस्तान में अमेरिका की नाकामी के बाद वहां जारी संकट को सुलझाने के लिए प्रतिबद्ध है। अफगानिस्तान में भारत शांति समझौते का प्रबल समर्थक रहा है। भारत शुरू से अफगानिस्तान सरकार का समर्थक और तालिबान को लेकर आशंकित रहा है। अफगानिस्तान में भारत की चिंता सुरक्षा और अर्थव्यवस्था दोनों समान रूप से जुड़ी हैं। अफगानिस्तान में एक स्थायी सरकार के गठन के बाद भारत ने वहां बड़ा निवेश किया है। यह निवेश करीब तीन अरब डॉलर का है। ऐसे में भारत को यह आशंका है यदि अफगानिस्तान में तालिबान का प्रभाव बढ़ता है तो उसके निवेश की प्रक्रिया में बाधा उत्पन्न हो सकती है। भारत को यह भी आशंका है कि यदि अफगानिस्तान में तालिबान का प्रभुत्व बढ़ता है तो इसका सीधा असर कश्मीर में सक्रिय चरमपंथ पर पड़ सकता है। कश्मीर में हालात प्रभावित हो सकते हैं। तालिबान के एक धड़े पर पाकिस्तान का प्रभाव है। ऐसे में यदि अफगानिस्तान में तालिबान की पकड़ मजबूत होती है तो भारत के लिए यह बेहतर स्थिति नहीं होगी।

# स्वतंत्रता दिवस की अनुपम छटा से गुंजायमान रहा मोतीगंज बाजार

अवध की आवाज ब्यूरो

कहोबा चौराहा गोंडा। 75 वें स्वतन्त्रता दिवस की धूम मोतीगंज बाजार में देखने को मिली ध्वजा रोहन बाजार के छेत्र पंचायत सदस्य प्रतिनिधि गिरजा शंकर नाग, राजेंद्र प्रसाद मोदनवाल, बेकारू प्रसाद कसौधन, हरिश्चंद्र मोदनवाल,अजय सिंह एडवोकेट ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर बोलते हुए मोहम्मद सईद ने कहा कि हमें अपने तिरंगे का सम्मान तन मन धन से करना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन करते हुए मोतीगंज बाजार के शिक्षक संजय जी ने कहा की देश का मान सम्मान बढ़ाने बढ़ाने वाले वीरों की बदौलत दुनिया भर में भारत का नाम स्वर्णिम रूप से चमक रहा है। बाज़ार के बच्चों ने अपने देशभक्ति गीत व डांस से सबका मन मोह लिया, इस अवसर पर बाजार के बुद्धिजीवी लोगों ने संबोधित किया, अमित मोदनवाल ने कहा कि आजादी हमारे देश के पूर्वजों की धरोहर है इसे हम संभालकर रखें, इस अवसर पर बाजार के बुद्धिजीवी लोगों में प्रकाश कमलापुरी, पिंटू मोदनवाल, कमरूद्दीन, प्रभु नाथ, नफीस, सौरभ, गौरव, प्रदीप सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।



# आईटीआई लिमिटेड के महाप्रबंधक ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया

अवध की आवाज ब्यूरो

कहोबा चौराहा गोंडा। 75वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आईटीआई लिमिटेड के महाप्रबंधक दिलीप शर्मा ने प्रशासनिक भवन के समक्ष राष्ट्रीयध्वज फहराने के साथ ही राष्ट्रगान प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर कर्मचारी संघ के नव निर्वाचित अध्यक्ष राजेंद्र प्रताप तिवारी को निवर्तमान अध्यक्ष कमलेश उपाध्याय ने और मंत्री उमेश चन्द्र को निवर्तमान मंत्री नदीम जाफरी ने शपथ दिलाई। मुख्य अतिथि ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए विश्वास दिलाया कि यह संस्थान एक बार अपनी उचाईयो को प्राप्त करेगा। कारपोरेट आफिस बंगलुरू से प्राप्त हुआ CMD महोदय का सन्देश मानव संसाधन प्रमुख वाई एस चौहान ने सभी को अवगत कराया। मुख्य अतिथि द्वारा अच्छे कार्य के लिए कर्मियों को सर्वोत्तम कर्मचारी का पुरूस्कार भी प्रदान किया गया। मंच का संचालन मानव संसाधन अधिकारी जे के श्रीवास्तव ने किया। इस अवसर पर संस्थान के वरिष्ठ अधिकारी गण एवं तमाम कर्मचारी गण उपस्थित रहे। कर्मचारी संघ भवन में कर्मचारी संघ के मंत्री उमेश चन्द्र ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। अंत मे सभी को मिष्ठान वितरित किया गया।






# औरैया : डकैत रहे सलीम गुर्जर के गांव में लगा स्वास्थ्य शिविर, चम्बल फाउंडेशन को बड़ी पहल

औरैया, (वेबवार्ता)। चम्बल घाटी में आतंक का पर्याय रहे दस्यु सम्राट सलीम गुर्जर उर्फ पहलवान के ग्राम के पंचायत बैलोड़ में स्वतंत्रता दिवस के मौके पर बाढ़ राहत चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। एक दौर था जब इस इलाके में फूलन, फक्कड़, निर्भय गूजर, रज्जन, अरविंद, जगजीवन परिहार जैसे डकैतों की यहां तूती बोलती थी। इस इलाके में शासन–प्रशासन के लोग भी जाने से खौफ खाते थे। जनपद औरैया, इटावा, जालोंन के अंतर्गत आने बाले इन गांवों में पहुंचने के लिए आजादी के इतने साल बाद भी एक भी पुल नहीं है। गांव के लोग आज भी चिकित्सा सुविधाओं से महरूम है। दशकों बाद आई पचनद घाटी में बाढ़ की विभिषिका से भयानक त्रासदी हुई है। पानी और कीचड़ से गुजरते हुए इन गांवों में पहुंचना दुष्कर है।चम्बल फाउंडेशन ने 15 अगस्त के दिन छठवां बाढ़ राहत चिकित्सा का शिविर का आयोजन हुकुमपुरा में किया। इस दौरान डॉक्टरों की टीम ने 201 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर निशुल्क दवाइयों का वितरण किया। डॉ. निधि ने बताया कि इस गांव में महिलाओं को स्वेत प्रदर की समस्या के साथ ही त्वचा रोगों की दिक्कत बहुतायत से देखने को मिली, जो कि सम्भव है कि बाढ़ के पानी के संपर्क में आने से हुई है। डॉ. कमल कुमार कुशवाहा ने बताया कि इस गांव में बाढ़ के बाद जीवन दुष्कर है। हम लोग खुद मुश्किल हालातो में पहुंचे पीने के पानी की भी दिक्कत है। ऐसे में लोगो के अंदर पानी की कमी के कारण किडनी से सम्बंधित समस्याएं अन्य क्षेत्रों के मुकाबले ज्यादा देखने को मिली।वायरल बुखार जुकाम से हर तीसरा आदमी ग्रसित है। ऐसे में लोगों को दूषित पानी से बचाव के साथ साथ लगातार रसोई में उपस्थित दृव्यों से काढ़ा बनाकर पीने से स्वास्थ्य लाभ होगा। चम्बल फाउंडेशन के संयोजक शाह आलम ने बताया ये शिविर लगना बेहद जरूरी था। चिकित्सक और बाकी सहयोगी बेहद मुश्किल से यहां पहुंच पाए और लोगों को दवाईयां वितरित की। बता दें कि देश और चम्बल के क्रांतिकारियों पर शोध करने वाले शाह आलम इस गांव की तीन नदियों के संगम पर पुल बनाये जाने की मांग का अभियान भी चला रहे हैं। उन्होंने बताया कि यहां स्वास्थ्य शिविर का आयोजन मुश्किल था। गांव के लोगों के सहयोग से ये संभव हो पाया है।

# स्वतंत्रता दिवसः राष्ट्रगान भूल गए सपा सांसद एसटी हसन

मुरादाबाद, (वेबवार्ता)। आए दिन विवादित बयान देने वाले मुरादाबाद के सपा सांसद डॉ. एसटी हसन ने इस बार राष्ट्रगान का अपमान किया है। स्वतंत्रता दिवस पर ध्वजारोहण के बाद सपा सांसद राष्ट्रगान ही भूल गए। पहली पंक्ति के बाद राष्ट्रगान भूल गए और सीधे जय हे. ..जय हे... बोलकर राष्ट्रगान खत्म कर दिया। इसका वीडियो इंटरनेट मीडिया पर वायरल हो रहा है तो सपा सांसद सफाई दे रहे हैं।

सपा सांसद डॉ. एसटी हसन ने रविवार को स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम के दौरान गलशहीद पार्क में झंडारोहण किया। इंटरनेट मीडिया पर वायरल वीडियो में दिखाया जा रहा कि ध्वजारोहण के बाद राष्ट्रगान शुरू हुआ तो उनके साथ के लोग एक पंक्ति गाने के बाद राष्ट्रगान भूल गए। सांसद भी राष्ट्रगान नहीं गा पाए और दूसरी पंक्ति पर अटक गए। स्थिति असहज देखकर सांसद ने जय हे... जय हे... बोलना शुरू कर दिया। सांसद के समर्थकों ने भी ऐसा ही किया। इसके बाद सांसद कार्यक्रम से चले गए। यह वीडियो तेजी से वायरल हो रही है और लोग चुटकी ले रहे हैं।

राजनीतिक विश्लेषक पुष्पेंद्र कुमार कहते हैं कि जब सांसद तक राष्ट्रगान नहीं गा पाते तो उनसे क्या उम्मीद की जा सकती है। वे पहले भी विवादित बयान देते रहे हैं। इस बारे में सांसद का कहना हे कि गलशहीद पार्क के कार्यक्रम में डॉ. आसिम की टीम राष्ट्रगान गा रही थी। वे लोग राष्ट्रगान भूल गए। मैंने उन्हें टोका था। उन्होंने ऐसे ही कार्यक्रम खत्म कर दिया। मुझे पूरा राष्ट्रगान याद है।

सपा सांसद डॉ. एसटी हसन पहले भी विवादित बयान देते रहे हैं। कभी राम मंदिर को लेकर विवादित बयान देते हैं तो अब कहा है कि भाजपा सरकार देश में समान नागरिक संहिता लागू करना चाहती है। इससे मुस्लिम पर्सनल लॉ समाप्त हो जाएगा। सांसद ने मुस्लिमों से कहा कि आप दूसरी शादी नहीं कर पाएंगे। आपके अल्पसंख्यक शिक्षण संस्थान बंद कर दिए जाएंगे।

सांसद के खिलाफ कार्रवाई की मांग सेव जन इंडिया फाउंडेशन के अध्यक्ष राजेश शर्मा ने कहा कि सपा सांसद ने अधूरा गायन करके राष्ट्रगान को अपमान किया है। सांसद के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई करनी चाहिए। सांसद पर मुकदमा दर्ज करके जेल भेजा जाना चाहिए।

# केंद्रीय मंत्री पहुंचे लखनऊ, घर–घर जाकर लेंगे आशीर्वाद

लखनऊ, (वेबवार्ता)। उत्तर प्रदेश में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा ने माहौल बनाना शुरू कर दिया है। इसी सिलसिले में पिछले दिनों मोदी सरकार में जगह पाने वाले यूपी के मंत्रियों ने आज यहां से जन आशीर्वाद यात्रा की शुरूआत की है।

इस मौके पर गृह राज्यमंत्री अजय मिश्र टेनी ने कहा कि भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व ने मंत्रिमंडल का विस्तार किया था, लेकिन उस दौरान सांसद का सत्र चल रहा था। अब सत्र के बाद हमारी पार्टी ने तय किया है कि सभी नए मंत्री अपने अपने क्षेत्रों के अलावा अन्य जिलों में जाएं और जनता का आशीर्वाद प्राप्त करें। इस दौरान हम केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं और लक्ष्य के बारे में बताएंगे। यूपी में एक बार फिर भारी बहुमत की सरकार बनाने जा रहे हैं।

केंद्रीय आवासन एवं शहरी राज्य मंत्री कौशल किशोर ने कहा कि मोदी और योगी सरकार ने जनता के हित में ऐसे काम किये हैं, जो आजादी के बाद अभी तक नहीं हुए है। रोटी, कपड़ा और मकान की व्यवस्था की जा रही है। पंडित दीनदयाल, डॉ आंबेडकर और लोहिया के मिशन को पूरा कर रही है। जिनके पास आवास नहीं उन्हें दिया जाएगा। केंद्र और राज्य सरकार की योजना को लेकर जनता के बीच जा रहे हैं।

केंद्रीय वित्त एवं राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने बताया कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री ने जो जनहित के काम किये हैं, उन्हीं उपलब्धि को लेकर जनता का आशीर्वाद लेंगे और निवेदन करेंगे कि भाजपा की सरकार एक बार फिर पूर्ण बहुमत से बनाए।

प्रदेश के मीडिया प्रभारी मनीष दीक्षित ने बतया की यह सभी मंत्री आज यानी 16 अगस्त से जन आशीर्वाद यात्राओं की शुरूआत करेंगे। समापन 20 अगस्त को होगा। इस यात्रा के दौरान यूपी की 3 दर्जन लोकसभाओं, 120 से अधिक विधानसभाओं से गुजरते हुए लगभग 3500 किमी से अधिक की दूरी तय की जाएगी। यात्रा का मकसद केंद्र और यूपी की योजनाओं को जन–जन तक पहुंचाने और विपक्षियों के हमलों का जवाब देना है।

ज्ञात हो कि इन यात्राओं के जरिये केंद्रीय मंत्री परोक्ष रूप से यह संदेश भी देंगे कि भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने केंद्र सरकार में उन्हें मंत्री का ओहदा देकर उनकी बिरादरी को महत्व देने के साथ उसका सम्मान किया है। केंद्रीय मंत्रिमंडल के विस्तार में प्रदेश के अनुसूचित जाति व पिछड़ा वर्ग के तीन–तीन और एक ब्राह्मण सांसद को राज्य मंत्री बनाया गया है।

# उत्तराखंड के पवनदीप राजन ने जीता इंडियन आइडल 12 का खिताब

मुंबई, (वेबवार्ता)। उत्तराखंड के चंपावत के पवनदीप राजन ने इंडियन आइडल सीजन 12 की ट्रॉफी जीत ली है। द ग्रेटेस्ट फिनाले एवर में विजेता घोषित होने के बाद उन्हें 25 लाख रुपये का चेक और एक मारुति सुजुकी स्विफ्ट डिजायर प्राप्त हुआ है। इसकी घोषणा सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन रियलिटी शो ने रविवार देर रात की।

पवनदीप ने कहा, इंडियन आइडल सीजन 12 का हिस्सा बनना एक सपने के सच होने जैसा था और फिर शीर्ष 6 का हिस्सा बनना अद्भुत था, लेकिन खिताब जीतना अविश्वसनीय है। मुझे अभी भी ऐसा लगता है कि मैं सपना देख रहा हूं। मैं अपने सभी प्रशंसकों और दर्शकों को धन्यवाद देना चाहता हूं जिन्होंने मुझे वोट दिया और मुझे यह सम्मानजनक खिताब दिलाया।

पवनदीप ने शो के दौरान काफी प्रशंसा बटोरी थी और उन्हें वह पहला दिन आज भी याद है जब वह ऑडिशन के लिए आए थे। उन्होंने याद किया, मैं इतना डर गया था कि मैं प्रदर्शन करते समय कांप रहा था। मंच के पीछे, मैं सोच रहा था, क्या मुझे भी चुना जाएगा? लेकिन मैंने ऑडिशन पास कर लिया और वहां से इस स्तर तक पहुंचना एक बहुत अच्छा एहसास है।



पवनदीप ने अपनी यात्रा में शामिल सभी लोगों को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा, शो के निर्माताओं से लेकर संगीतकारों, हमारे कोचों और मेरे साथी प्रतियोगियों तक, यह ट्रॉफी आप सभी की है। धन्यवाद, इंडियन आइडल, और भारत के नागरिकों। यह भावना सबसे अच्छी है, आप सभी का बहुत धन्यवाद।

शीर्ष 6 फाइनलिस्टों में से, अरुणिता कांजीलाल और सायली कांबले को क्रमशः प्रथम और द्वितीय उपविजेता घोषित किया गया, और सभी को 5 लाख रुपये के चेक से सम्मानित किया गया। तीसरे और चौथे उपविजेता मोहम्मद दानिश और निहाल टौरो को तीन–तीन लाख रुपये का चेक मिला।

# 'शिल्पा शेट्टी की बहन' वाली पहचान पर शमिता का छलका दर्द– सालों से इसे ढो रही हूं

मुंबई, (वेबवार्ता)। 'बिग बॉस ओटीटी' को शुरू हुए अभी एक ही हफ्ता हुआ है, लेकिन यह लड़ाई–झगड़ों से लेकर कनेक्शन और केमिस्ट्री के मामले में यह 'ओवर द टॉप' साबित होता दिख रहा है। पहले ही 'संडे का वार' में होस्ट करण जौहर ने सभी घरवालों की क्लास लगाई और कुछ को आईना दिखाया। इस दौरान करण जौहर ने शमिता शेट्टी की तारीफ की और कहा कि वह बढ़िया खेल रही हैं। लेकिन जब करण जौहर ने शमिता शेट्टी से पूछा कि क्या वह कोई बैगेज ढो रही हैं, क्योंकि वह बिग बॉस के घर में ज्यादातर अकेली ही दिखती हैं।


इतना सुनते ही शमिता शेट्टी रोने लगीं और तब उनका करण के सामने दर्द छलका। शमिता शेट्टी ने बताया कि फिल्म इंडस्ट्री में उनका 20–21 साल की सफर बहुत मुश्किल रहा। इतने साल उन्होंने बहन शिल्पा शेट्टी की परछाई में गुजारे। वह खुद को खुशनसीब मानती हैं कि उन्हें ऐसी परछाई मिली। वह उसे एकदम 'प्रटेक्टिव शैडो' मानती हैं।



शमिता शेट्टी ने कहा कि इतने सालों के काम के बाद भी लोग उन्हें शिल्पा शेट्टी की बहन के रूप में जानते हैं। वह जानना चाहती थीं कि वास्तव में वह कौन हैं। शमिता ने आगे कहा कि वह कहीं न कहीं इसी चीज का इमोशनल बैगेज ढो रही हैं और अपनी खुद की एक पहचान बनाने के लिए स्ट्रगल कर रही हैं। शमिता शेट्टी की ये बातें सुनकर करण जौहर ने उनका हौसला बढ़ाया और कहा कि अब लोग धीरे–धीरे असली शमिता को जान रहे हैं। शमिता को भी यह बात जानकर राहत महसूस हुई। लेकिन वह करण जौहर द्वारा दिव्या अग्रवाल का असली चेहरा दिखाए जाने के बाद दुखी हो गई। उन्हें यह जानकर झटका लगा कि जिस लड़की के लिए वह इतना सोचती थीं, इतना प्रटेक्ट करती थीं, वही उनकी पीठ पीछे चुगली करती है। शमिता ने कहा कि वह शो में आने से पहले दिव्या अग्रवाल को जानती तक नहीं थीं। वह बोलीं, 'दिव्या ने अपना असली चेहरा एक मुखौटे के पीछे छिपाया हुआ है।

# देशभक्ति फिल्मों के किंग बने करण जौहर, अब स्वतंत्रता सेनानी उषा मेहता की बायॉपिक पर काम शुरू

मुंबई, (वेबवार्ता)। पिछले कुछ वर्षों में करण जौहर ने कई देशभक्ति वाली फिल्में प्रड्यूस की हैं जिन्हें दर्शकों और क्रिटिक्स का जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला है। इनमें 'राजी',





'केसरी', 'गुंजन सक्सेना' और हाल ही में रिलीज हुई 'शेरशाह' जैसी फिल्में शामिल हैं जिन्होंने जबरदस्त कमाई भी की है। हाल ही में करण ने 'सी. शंकरन नायर' की बायॉपिक की घोषणा की जिन्होंने जलियांवाला बाग नरसंहार के बारे में सच्चाई को उजागर करने के लिए कानूनी लड़ाई लड़ी थी।

अब लेटेस्ट मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो धर्मा प्रॉडक्शन्स स्वतंत्रता सेनानी उषा मेहता की जिंदगी पर आधारित फिल्म बनाने जा रहा है। मेहता ने भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान ब्रिटिश सरकार को कड़ी टक्कर दी थी। आजादी के बाद उन्हें पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया था।

यह एक गुमनाम नायिका की वीरता की कहानी है और करण जौहर की टीम पिछले कुछ समय से इसकी स्क्रिप्ट पर काम कर रही है। बताया जा रहा है कि कहानी अमात्य गोराडिया और प्रीतेश सोधा के नाटक 'खार खार' पर आधारित है। मेकर्स फिल्म में किसी बड़ी ऐक्ट्रेस को कास्ट करने की तैयारी में हैं। कास्टिंग और प्री–प्रॉडक्शन का काम शुरू भी हो चुका है।

इसके अलावा करण इन दिनों अपनी फिल्म 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' की शूटिंग शुरू करने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। वह इस फिल्म का डायरेक्शन कर रहे हैं। फिल्म में रणवीर सिंह, आलिया भट्ट, धर्मेंद्र, जया बच्चन और शबाना आजमी जैसे ऐक्टर्स अहम किरदारों में हैं। इसमें रणवीर दिल्ली के एक लड़के का रोल प्ले कर रहे हैं।

# सैफ अली खान को करीना कपूर का बर्थडे विश, तस्वीरें शेयर कर कहा– सिर्फ तेरे संग रहना चाहती हूं

मुंबई, (वेबवार्ता)। बॉलिवुड ऐक्टर सैफ अली खान सोमवार यानी 16 अगस्त को अपना बर्थडे सेलिब्रेट कर रहे हैं। इस मौके पर तमाम फैंस और सिलेब्स उन्हें अपने–अपने अंदाज में बधाइयां दे रहे हैं। इस बीच उनकी पत्नी और ऐक्ट्रेस करीना कपूर खान ने भी बर्थडे विश किया है। करीना ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर सैफ के साथ दो तस्वीरें शेयर कीं जो उनके वकेशन की हैं। पहली पिक्चर में करीना अपने पति सैफ के कंधे पर हाथ रखे बैठी हैं और साइड में बेटा तैमूर भी बैठा हुआ है। तीनों कैमरे के लिए पोज दे रहे हैं। वहीं, दूसरे फोटो में सैफ और करीना पूल में नजर आ रहे हैं। फोटोज शेयर करते हुए करीना ने कैप्शन दिया, 'मेरी लाइफ के लव को हैपी बर्थडे... मैं सिर्फ अनंतकाल के लिए तुम्हारे साथ रहना चाहती हूं।' जैसे ही ऐक्ट्रेस ने पोस्ट किया, इस पर सिलेब्स और फैंस के कॉमेंट्स आने लगे। यूजर्स इस पर दिल वाले इमोजी पोस्ट कर रहे हैं। वर्क फ्रंट की बात करें तो करीना अब आमिर खान के साथ फिल्म 'लाल सिंह चड्ढा' में नजर आएंगी। वहीं, सैफ भी अब कई इंट्रेस्टिंग प्रॉजेक्ट्स में दिखेंगे। वह 'भूत पुलिस', 'आदिपुरुष', 'बंटी और बबली 2' जैसी फिल्मों में नजर आएंगे।





अवध की आवाज हिंदी दैनिक समाचार पत्र लखनऊ से प्रकाशित नेशनल हाईवे रोड शेखपुर नरी निकट प्लास्टिक कबाड़ी मंडी में हुआ ब्लाक प्रमुख प्रेम सिंह का स्वागत स्वागत करता प्रमुख रूप से जयपाल सिंह कुंवर बहादुर सिंह गुड्डू शुक्ला विनोद सिंह महावीर सिंह संदीप सिंह पुती यादव ने मिलकर ब्लाक प्रमुख जी का स्वागत किया साथ ही साथ नरी में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बालाजी समिति की अध्यक्षता में झंडारोहण का प्रोग्राम किया गया 75 भी स्वतंत्रता दिवस की वर्षगांठ पर ब्लाक प्रमुख जी ने सभी लोगों झंडारोहण के पावन पर्व पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी प्रोग्राम में हमको बुलाया गया इसके लिए ह्रदय से आभार प्रकट करते हुए बूढ़े बुजुर्गों नौजवान साथियों को यथोचित अभिवादन
अवध की आवाज हिंदी दैनिक समाचार पत्र लखनऊ से प्रकाशित गुड्डू मिश्रा ब्यूरो चीफ उन्नाव

स्वतंत्रता दिवस, रक्षाबंधन और जन्माष्टमी की सभी ग्रामवासियो एवं क्षेत्रवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

ग्राम पंचायत बंगरा
नदीगांव जालौन
ग्राम प्रधान – चित्रा देवी





स्वतंत्रता दिवस, रक्षाबंधन और जन्माष्टमी की सभी ग्रामवासियो एवं क्षेत्रवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं



**ग्राम पंचायत रेंढ़र**
**नदीगांव जालौन**
**ग्राम प्रधान – ऊषा देवी**



स्वतंत्रता दिवस, रक्षाबंधन और जन्माष्टमी की सभी ग्रामवासियो एवं क्षेत्रवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

ग्राम पंचायत
कुठौन्दा नदीगांव
जालौन
ग्राम प्रधान –
हेमलता दुहौलिया



*स्वतंत्रता दिवस, रक्षाबंधन और जन्माष्टमी की सभी ग्रामवासियो एवं क्षेत्रवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं*
*मोनू शर्मा जिला ब्यूरो चीफ उरई जालौन*










# जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सोमवार को मिशन शक्ति फेज–03 के सफल क्रियान्वयन के संबंध में बैठक हुई सम्पन्न

<u>अवध की आवाज ब्यूरो</u>

सीतापुर। (सू0वि0) जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सोमवार को मिशन शक्ति फेज–03 के सफल क्रियान्वयन के संबंध में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने बताया कि मिशन शक्ति फेज–03 के अन्तर्गत दिनांक 21.08.2021 से दिनांक 31.12.2021 तक विशेष अभियान संचालित किये जायेंगे। अभियान के दौरान महिलाओं एवं बालिकाओं को आत्मनिर्भर बनाने का प्रशिक्षण, सुरक्षा एवं सम्मान के प्रति जागरूकता प्रदान किये जाने की कार्ययोजनाएं संचालित की जायेंगी। इसके अतिरिक्त लैंगिक आधारित संवेदीकरण, ध्वनि संदेश, साक्षात्कार, प्रशिक्षण, विभिन्न पर्वों के कार्यक्रम, थानों पर कार्यक्रम तथा पंचायत स्तर पर जागरूकता उत्पन्न किये जाने संबंधी विभिन्न कार्यक्रम किये जायेंगे। महिलाओं को स्वावलम्बी बनाने की प्रक्रिया को बढ़ाया जायेगा। विभिन्न विभागों द्वारा विभिन्न स्तरों पर शासन स्तर से संचालित महिलाओं एवं बालिकाओं के लिये चलायी जा रही विभिन्न योजनाओं में लाभार्थियों का चयन व प्रशिक्षण कार्यक्रम भी आयोजित होंगे। जिलाधिकारी ने बताया कि मिशन शक्ति फेज–03 का वृहद उद्देश्य महिलाओं एवं बालिकाओं को स्वावलम्बी बनाना, उनमें सुरक्षित परिवेश की अनुभूति कराना, जनजागरूकता पैदा करना, आत्म सुरक्षा की कला हेतु प्रशिक्षित करना एवं दुराचारियों की पहचान उजागर करना है।

जिलाधिकारी ने बताया कि मिशन शक्ति फेज–03 के अन्तर्गत 21 अगस्त को मुख्य कार्यक्रम इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान लखनऊ में आयोजित किया जायेगा। प्रत्येक जनपद मुख्यालय तथा ग्राम पंचायत भवनों में भी एक–एक कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा, जिसमें इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान लखनऊ में आयोजित उक्त कार्यक्रम का सजीव प्रसारण भी किया जायेगा। उन्होंने सभी संबंधित अधिाकरियों को निर्देशित किया कि कार्यक्रम के संबंध में समस्त तैयारियां पूर्ण कर ली जायें। जिलाधिकारी ने यह भी निर्देश दिये कि सभी विभाग मिशन शक्ति फेज–03 कार्यक्रम की कार्ययोजना तैयार कर समय से उपलब्ध करायें तथा कार्यक्रमों के आयोजन के लिये एक नोडल अधिकारी भी तैनात करें। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि सूचनाएं समय से प्रेषित की जायें। बैठक के दौरान जिला प्रोबेशन अधिकारी ने बताया कि मिशन शक्ति फेज–03 विशेष अभियान के अन्तर्गत सम्मिलित पुलिस विभाग, महिला कल्याण विभाग, ग्राम्य विकास विभाग, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, नगर विकास विभाग, पंचायती राज विभाग, बेसिक शिक्षा विभाग, माध्यमिक शिक्षा विभाग, उच्च शिक्षा विभाग, युवा कल्याण विभाग द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कराये जायेंगे। उन्होंने बताया कि दिनांक 21 अगस्त को आयोजित कार्यक्रम के दौरान पंचायती राज विभाग एवं गृह विभाग द्वारा जनपद के सभी ग्राम पंचायत भवनों में मिशन शक्ति कक्ष का शुभारम्भ किया जाना भी प्रस्तावित है। बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक आर0पी0 सिंह, अपर जिलाधिकारी विनय कुमार पाठक, जिला कार्यक्रम अधिकारी राजकपूर, जिला विकास अधिकारी राकेश कुमार पाण्डेय, जिला प्रोबेशन अधिकारी अश्वनी कुमार सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।



अवध की आवाज हिन्दी दैनिक, प्रकाशक ,मुद्रक व स्वामी,अनिल कुमार सिंह द्वारा स्काई लाइन प्रिन्टर्स,119/23 खन्दारी लेन, लालबाग, लखनऊ उ0प्र0 से मुद्रित तथा डी–97/3 व 7,सेक्टर–7, इन्दिरा नगर,लखनऊ,उ0प्र0 से प्रकाशित। सम्पादक अनिल कुमार सिंह फोन : 0522–4340954 मो0–7905407289, Email: avadhkiaawaz@gmail.com
नोट : समाचार पत्र से सम्बंधित सारे विवादोंका न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा।